

## मधुमेह जागरूकता के लिए विशाल सम्मेलन



**बड़वानी।** जिले के पाटी, राजपुर, सेंधवा, बड़वानी व निवाली विकासखंडों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (इएमआरएस) में गैर संचारी रोगों (एनसीडीएस) विशेषकर मधुमेह रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिरामल फाउंडेशन द्वारा सतत कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसके तहत पाटी ब्लॉक में ग्रामीण समुदाय के लिए विशाल जागरूकता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें करीब 400 से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत बूदी सरपंच भादा जमरे, उपसरपंच, सचिव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद पाटी के अंबराम बड़ोले के स्वागत एवं उद्बोधन के साथ किया। अतिथियों से आग्रह किया कि वे समुदाय को मधुमेह बीमारी के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में परंपरागत चिकित्सकों की भी सहभागिता रही। सम्मेलन में स्वास्थ्य विभाग, महिला, बाल विकास विभाग की फ्रंटलाइन वर्कर्स, पंच-सरपंच, शिक्षक, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। पिरामल फाउंडेशन के राज्य प्रमुख असलम शेख ने जिला स्तरीय ट्राइबल हिलर्स फेडरेशन गठन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रोग्राम लीड हितेश पांडेय ने पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण एवं औषधीय पौधों के हर्बल गार्डन स्थापना पर जोर दिया। प्रोग्राम लीड नरेंद्र पाटीदार ने भी जानकारी सांझा की। स्थानीय भाषा में स्वास्थ्य संदेशों से परिपूर्ण नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया। गांधी फेलो प्रियदर्शन वर्मा एवं आश्रय कुमार का भी योगदान रहा। पिरामल फाउंडेशन का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में मधुमेह व अन्य गैर संचारी रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान एवं सही उपचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दिगम्बर जैन मंदिर में धर्मसभा आयोजित

## भाव पूर्वक की गई क्रिया फल जरूर प्रदान करती है : उपाध्याय मुनि विभंजन सागर जी

**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर में पधारे व विराजमान परम पुज्य उत्कृष्ट समाधि धारक राष्ट्र संत गणाचार्य विराग सागर महा मुनिराज के शिष्य उपाध्याय विभंजन सागर मुनिराज ने शनिवार को दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी ने कहा कि आप भगवान के सामने कभी भी हाथ मत फैलाइए, भगवान से कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं है।



भगवान हमें कुछ देते नहीं है, एक बात जरूर है हमारे आगम में बताया गया है कि निमित्त कुछ करता नहीं है और निमित्त के बिना कुछ होता नहीं है और इसी बात को हम भगवान पर घटित करते हैं। भगवान कुछ करते नहीं है पर भगवान के बगैर कुछ होता नहीं है, हम भगवान की भक्ति करते हैं। पूजा करते हैं, अर्चना करते हैं, आराधना करते हैं, स्वाध्याय करते हैं, मुनि आदि को आहार, बिहार, निहार कराते हैं, दान करते हैं, तीर्थ वंदना करते हैं आदि आदि धार्मिक अनुष्ठान करते हैं पुण्य कार्य करते हैं। उससे पुण्य अर्जन होता है वह पुण्य हमारा काम कराने वाला होता है।

### भाव का होना आवश्यक

उसी पुण्य की वृद्धि के लिए पुरुषार्थ करे, हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं है, साथ ही हम रूढ़िवादिता में ना फंसे जैन आगम रूढ़ि वादिता की बात नहीं करता, जैन आगम हर बात का प्रमाण और कारण बताता है, यदि आपके पास कारण है, तो हम करने को तैयार है इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए और हम कोई क्रिया करते हैं। उसे क्रिया समझ कर ही करे उसे अपनी आदत ना बनाए जब वह क्रिया आदत बन जाती हैं, तो हमारे भाव समाप्त हो जाते हैं, अतः क्रिया के साथ भाव का होना आवश्यक है और तभी वो क्रिया सार्थक होती है। हम पूजा, पाठ, स्वाध्याय, जप, तप कुछ भी क्रिया करते हैं, उसमें भाव होना आवश्यक है अन्यथा वो क्रिया व्यर्थ हो जाएगी और क्रिया, क्रिया कांड हो जाती है अतः हम जो भी धार्मिक क्रिया, अनुष्ठान करे भाव पूर्वक करे समय का सदुपयोग करे समय को व्यर्थ ना गंवाए भाव पूर्वक की गई क्रिया हमें फल प्रदान करती है।

### आहार चर्या हुई सम्पन्न

मनीष जैन ने बताया कि सभा के पूर्व उपाध्याय श्री ने मंदिर में विराजित वेदियों पर भगवान के दर्शन किए। साथ ही सभा के पूर्व आचार्य श्री विराग सागर जी महा मुनिराज के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर चित्र अनावरण किया गया। इस अवसर पर समाज के युवा, बच्चे, महिला, पुरुष वर्ग उपस्थित रहा। सभा के बाद मुनि श्री की आहार चर्या संपन्न हुई। दोपहर को सामयिक, धर्म संबंधित क्लास हुई शाम को आनंद यात्रा हुई।

**किए भगवान के दर्शन**

- मंदिर में विराजित वेदियों पर भगवान के दर्शन किए।
- चित्र पर दीप प्रज्वलन कर चित्र का अनावरण किया।

# अंजड़ और बड़वानी, भमोरी एवं सेगांव फाइनल में पहुंचे



**बड़वानी, (नवभारत)।** सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल के नेतृत्व में आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत पीजी कॉलेज मैदान में जिला स्तरीय कबड्डी (महिला वर्ग) एवं क्रिकेट (पुरुष वर्ग) के सेमीफाइनल मुकाबले संपन्न हुए। खिलाड़ियों ने खेल कौशल, टीम भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक जज्बे का सराहनीय प्रदर्शन किया। कबड्डी प्रतियोगिता में ठीकरी जपं की मार्डन स्कूल अंजड़ एवं रणजीत क्लब बड़वानी ने मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीमों के मध्य फाइनल मुकाबला 25 दिसंबर को सुबह 9 बजे होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में भमोरी एवं सेगांव की टीमों ने फाइनल में स्थान बनाया। जिनके मध्य फाइनल मुकाबला आज खेला जाएगा।

जिला खेल संयोजक अजय कानूनगो ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच है। प्रतिभागी खिलाड़ियों का जोश, अनुशासन एवं समर्पण खेल के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता और आत्मविश्वास को दर्शाता है। यह महोत्सव ग्रामीण एवं शहरी प्रतिभाओं को समान अवसर प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने बताया कि 21 से 25 दिसंबर के बीच सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय (सेमीफाइनल) विभिन्न खेलो प्रतियोगिताएं होंगी, जिसकी समय सारिणी जारी की गई है।

# दो बाइक की टक्कर, एक युवक की मौके पर ही मौत



**निवाली, (नवभारत)।** सेंधवा-खेतिया स्टेट हाइवे पर नगर से 1 किमी दूर बडगांव फाटे के समीप पेट्रोल पम्प के सामने दो मोटरसाइकल की जबरदस्त टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। थाने के अनुसार थाने से 2 किमी सेंधवा खेतिया स्टेट हाइवे पर दो मोटरसाइकल एक्सीडेंट होने से मुन्ना पिता डोंगर सिंह सोलंकी उम्र 25 निवासी पिछोड़ी की मौके पर मृत्यु हो गई। वहीं एक गंभीर घायल को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र से बड़वानी रैफर किया गया। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि एक मोटरसाइकल का आगे का टायर विल सहित अलग हो गया दूसरी मोटरसाइकल का पेट्रोल टैंक पूरा दब गया एवं चपटी हो गई। वहीं युवाओं द्वारा रोजाना तेज गति से वाहन चलाया जाता है। इस ओर आलाधिकारियों का ध्यान नहीं है। नगर में इस वर्ष 2025 में 12 दुर्घटनाओं में मृत्यु का आंकड़ा सामने आया है। तेज गति से चल रहे दो पहिया वाहनों पर रोक नहीं की गई तो लगता है आंकड़े में बदलाव ओर आ सकता है। इस ओर ध्यान देकर उचित कार्रवाई करना चाहिए। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

**निवाली,** नगर के पलसूद रोड़ स्थित शिव टेकड़ी पर सूर्यास्त के दौरान सूर्य की लालिमा का सुनहरा दृश्य नगर में बन रहा आकर्षण का केंद्र।



# पद्मश्री पद्मभूषित शिल्पकार रामजी सुतार को दी श्रद्धांजलि

**पानसेमल.** अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ द्वारा पद्मश्री एवं पद्मभसुषण से सम्मानित महान शिल्पकार रामजी सुतार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला विश्वकर्मा समाज विराट संघ द्वारा समाज के शिल्पकार स्व रामजी सुतार के जीवन में किए गए सामाजिक कार्य एवं उनकी उपलब्धियों का परिचय दिया। समाजजनों ने बताया कि 101 वर्ष की आयु में दिल्ली में उनका दुखद निधन हुआ।

इन्होंने भारत के अलग-अलग स्थानों पर अनेकों मूर्तियों का निर्माण किया। साथ ही अपनी अहम भूमिका निभाई, जिसमें विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टेच्यू और यूनिटी का प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा भी शामिल है। समाजजनों ने कृष्ण मंदिर के निकट दिवंगत पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ जिला कोषाध्यक्ष अनिल सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष दत्तात्रेय देवरे, जिला महामंत्री संजय जगताप, संघ नगर अध्यक्ष राजेश जांगिड़, किशोर जांगिड़, दिलीप सूर्यवंशी, आशीष शार्दुल, युवराज देवरे, डॉ प्रमोद सूर्यवंशी, संजय जाधव, अविनाश पवार, गोपाल देवरे, गिरधन मोरे, शैलेश सूर्यवंशी, नितिन शर्मा, जगदीश सोलंकी, राजू सूर्यवंशी, लोटन कुंवर, भारतीय पेरा क्रिकेट टीम खिलाड़ी जितेंद्र वाघ सहित समाजजन मौजूद रहे।

**यह रहे मौजूद**

अभा विश्वकर्मा विराट संघ द्वारा पद्मश्री एवं पद्मभसुषण से सम्मानित महान शिल्पकार रामजी सुतार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**एक नजर में**

## श्री एकेडमी को राष्ट्रीय स्टार एजुकेशन अवॉर्ड से नवाजा



महू. श्रेष्ठ विद्यालय संचालन, शिक्षा, खेल, लाइफ स्किल्स एवं स्काउटिंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नगर के शिक्षा संस्थान श्री एकेडमी को भारत के 100 श्रेष्ठ स्कूल के तौर पर मुंबई में राष्ट्रीय स्टार एजुकेशन अवॉर्ड से नवाजा गया है. ग्राम कोदरिया स्थित विद्यालय श्री एकेडमी को खेलों में राष्ट्रीय पदक, शिक्षा, लाइफ स्किल ट्रेनिंग एवं स्काउटिंग के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियों के लिए नैसकॉम मुंबई में स्टार एजुकेशन राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया. श्री एकेडमी को कई चरणों में तय पैमानों पर मेरिट के आधार पर भारत के 100 सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में चयनित किया गया. चयनित होने के पश्चात ईएसएफई द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार स्टार एजुकेशन अवॉर्ड 2025 से संस्था को सम्मानित किया गया. श्री एकेडमी इस सम्मान को प्राप्त करने वाला मध्यप्रदेश का प्रथम विद्यालय है. इस सम्मान को संस्था के डॉयरेक्टर डॉ. राजेश पाटीदार एवं प्राचार्या डॉ. हेमलता पाटीदार को प्रदान किया गया .पाटीदार दंपती इस सफलता का श्रेय श्री एकेडमी की पूरी टीम के साथ सभी गुरूजन, साथीगण, पालकों, विद्यार्थियों और शिक्षा विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं को देते हैं. विद्यालय की इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार, विधायक ऊषा ठाकुर, बीईओ सुश्री दीपशिखा आंचले, बीआरसीसी अनुराग भारद्वाज, संकुल प्राचार्या सुधा पटेल, मिश्रीलाल पाटीदार, महेश यादव, सुभाष पाटीदार, मनोज पाटीदार, सुभाष यादव, वासुदेव यादव, भारत सिंह ठाकुर, इंदर तंवर, संजय शर्मा, श्याम केलोत्रा, नरेंद्र सुले, संतोष सुले सहित अनेक संगठनों ने बधाई दी है.

## पंचों का दो दिवसीय प्रत्यस्मरण प्रशिक्षण आयोजित



महू. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के विकास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंचों का दो दिवसीय प्रत्यस्मरण प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत महू के सभागृह में आयोजित किया गया. कार्यक्रम जनपद पंचायत सीईओ गिरिराज दुबे के सानिध्य में संपन्न हुआ. प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर डॉ. कनक पटेरिया ने पंचों को उनकी भूमिका एवं दायित्वों, पंचायत की मूलभूत योजनाओं तथा स्वच्छता संबंधी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी. प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षणिक फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिससे पंचों को योजनाओं के क्रियान्वयन की व्यावहारिक समझ मिली. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए प्रशिक्षित करना एवं ग्राम विकास की प्रक्रिया में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा.

## साध्वी कृष्णानंद ने कंपनी बाग मंदिर में किए शिव दर्शन



महू. वृंदावनधाम से पधारीं साध्वी कृष्णानंद ने शुक्रवार को कंपनी बाग स्थित मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की. दर्शन के पश्चात वे निर्माणाधीन विशाल भगवान परशुराम मंदिर पहुंचीं, जहां बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका पुष्प वर्षा कर फूलों एवं मोतियों की मालाओं से भव्य स्वागत किया. इस अवसर पर शैलेंद्र शुक्ला ने निर्माणाधीन परशुराम मंदिर की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी साध्वी को दी. साध्वी कृष्णानंद ने उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार एवं सनातन परंपरा के महत्व पर संक्षिप्त मार्गदर्शन दिया तथा सभी के कल्याण की कामना की. इसके पश्चात साध्वी राम तायल, आशीष बंसल एवं गोपाल अग्रवाल के निवास पर भी पहुंचीं, जहां उन्होंने परिवारजनों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर आशीर्वाद प्रदान किया.

# मौत की खबर सुनकर भी नहीं पहुंचे रिश्तेदार, पुलिस ने कराया दाह संस्कार

- आखिरी वक्त तक अकेले रहे परनवाल दंपती
- भाई पुलिस से बोला... आप ही कर दें अंतिम संस्कार

**इंदौर.** शहर में दिल झकझोर देने वाला मामला सामने आया है. लसूड़िया स्थित सेटेलाइट जंक्शन में रहने वाले कन्हैयालाल परनवाल और उनकी पत्नी स्मृति परनवाल दोनों के शव रिश्तेदारों ने लेने से इंकार कर दिया है. पुलिस ने उनके बड़े भाई से संपर्क किया था, लेकिन उन्होंने आने में असमर्थता जताई और कह दिया कि वे खुद दोनों का दाह संस्कार करवा दें. परनवाल दंपत्ति के शव गुरुवार को उनके मकान में मिले थे.कन्हैयालाल और उनकी पत्नी स्मृति दोनों मकान में अकेले रहते थे. उनकी कोई संतान भी नहीं थी. जांच में कन्हैयालाल का शव 10 से 12 दिन और स्मृति का 4-5 दिन पुराना पाया गया है.



पुलिस यह अंदाजा लगा रही है कि पति की मौत के बाद स्मृति ने अपने रिश्तेदारों से संपर्क किया होगा, लेकिन कोई नहीं आया, तो वह शव के साथ ही कमरे में रही होगी. पुलिस ने उनके मोबाइल भी जब्त किए हैं, ताकि यह पता चल सके कि उन्होंने अंतिम बार किससे बात की थी. पुलिस को मोबाइल बंद अवस्था में मिले हैं, जिन्हें चार्ज करके जांच की जाएगी. कमरे में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं. उनके फुटेज भी निकाले जा रहे हैं, जिससे उनकी आखिरी समय की स्थिति का पता चलेगा. पुलिस के अनुसार कन्हैयालाल और स्मृति बच्चे नहीं होने के कारण संभवतः डिप्रेशन में थे. कन्हैयालाल लकवाग्रस्त थे और उनकी पत्नी स्मृति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी.

पड़ोसियों से भी ज्यादा बात नहीं होती थी दंपती की-पड़ोसियों ने बताया कि एसआईआर फॉर्म के लिए कर्मचारी आए थे तो उन्होंने स्मृति से संपर्क किया था, तभी उन्हें देखा था. उसके बाद से वह नजर नहीं आईं. घर का दरवाजा भी अक्सर बंद ही रहता था. दूधवाले को भी स्मृति ने दूध देने से मना कर दिया था. गुरुवार सुबह जब घर से बदबू आई तो रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने दोनों के शव बरामद किए थे.

**घर में मिली डायरी से मिला था भाई का नंबर**

कन्हैयालाल परनमाल मूल रूप से देवरिया (यूपी) के रहने वाले थे. वे चार भाई हैं. कई साल पहले कन्हैयालाल अपनी पत्नी के साथ इंदौर आकर बस गए थे और यहां सैटेलाइट जंक्शन में सन 2016 से रह रहे थे. कन्हैयालाल पीथमपुर में नौकरी करते थे, लेकिन बहुत पहले नौकरी छोड़ दी थी. दंपत्ति ने पड़ोसियों से तो दूरी बनाए रखी ही थी, परिजनों से भी उनकी बातचीत कम ही होती थी. घटना वाले दिन मकान की तलाशी के दौरान पुलिस को एक डायरी मिली थी, जिसमें कन्हैया लाल के बड़े भाई का नंबर मिला. जब पुलिस ने उससे संपर्क कर जानकारी दी तो उन्होंने इंदौर आने से साफ इंकार कर दिया.

## सट्टा पर्ची और नकदी के साथ युवक को पकड़ा

**इंदौर.** खजराना पुलिस ने अवैध सट्टा गतिविधि पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से नकदी और सट्टा पर्चियां जब्त की हैं. थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैधानिक गतिविधियों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई जा रही है, जिसके तहत आरक्षक बृजेश सिंह ने देर रात सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. उन्होंने बताया कि आम का खेत, जुग्गन नगर खजराना इलाके में गश्त के दौरान संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति मिला, तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची पांच, एक लीड पेन और 260 रुपए नकद बरामद किए हैं. आरोपी की पहचान अश्विनी सोनकर उम्र 41 वर्ष, निवासी तुलसी पैलेस, अजय बाग कॉलोनी, मूसाखेड़ी इंदौर के रूप में हुई है. आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

# रतलाम से लेकर आया था एमडी ड्रग्स, पैडलर धराया

**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई कर आजाद नगर इलाके से एक ड्रग्स पैडलर को पकड़ा है. आरोपी के पास से एमडी ड्रग्स बरामद हुई है. पूछताछ में उसने ड्रग्स रतलाम से लाना स्वीकार किया है. उसने ड्रग्स सप्लायरों के नाम और मोबाइल नंबर भी बताए हैं. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.**

क्राइम ब्रांच ने आजाद नगर क्षेत्र में दबिश देकर 24 वर्षीय नहरू अनवर खान नामक युवक को पकड़ा है. आरोपी रतलाम से एमडी ड्रग्स लेकर इंदौर पहुंचा था और यहां उसकी सप्लाई करने की तैयारी में था. डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि नहरू खान ड्रग्स लेकर अपने घर पहुंचा है. इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने उसके घर की तलाशी ली, जहां से एमडी ड्रग्स बरामद हुई. आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह रतलाम के खान बंधुओं से ड्रग्स खरीदता है. उसने तस्करों के मोबाइल नंबर भी टीम को सौंपे हैं, जिनके आधार पर रतलाम नेटवर्क की तलाश की जा रही है.

**रतलाम में आसानी से मिल रही एमडी ड्रग्स**

आरोपी ने बताया कि अब ड्रग्स के लिए पहले राजस्थान जाना पड़ता था, लेकिन अब राजस्थान जाने की जरूरत नहीं पड़ती, रतलाम में ही आसानी से सप्लाई मिल रही है. जांच में सामने आया कि नहरू केवल सातवीं तक पढ़ा है. उसने मजदूरी से शुरुआत की थी, लेकिन नशे की लत लगने के बाद ड्रग्स पैडलिंग में उतर आया. पुलिस रतलाम और इंदौर कनेक्शन को जोड़कर सप्लायर्स की गिरफ्तारी की दिशा में काम कर रही है.

**आईएसबीटी के पास से भी एमडी ड्रग के साथ युवक को पकड़ा**

इधर, हीरानगर पुलिस ने भी बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को एमडी ड्रग के साथ पकड़ा. आरोपी से बरामद ड्रग की कीमत करीब डेढ़ लाख बताई जा रही है. थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि थाना क्षेत्र में ड्रग तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत देर रात उपनिरीक्षक शिवराज सिंह ठाकुर और उनकी टीम ने आईएसबीटी बस स्टैंड क्षेत्र से एक युवक को मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी का नाम अरबाज उर्फ अब्बू अली उम्र 24 साल है, वह मदीना नगर का रहने वाला है. आरोपी के कब्जे से 13.64 ग्राम मेफोड्रोन ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है. मामले में आरोपी से उक्त ड्रग्स की सप्लाई और खरीद फरोख्त के मामले में पूछताछ की जा रही है.

# रेल से कटकर महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर. शुक्रवार सुबह लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन पर एक महिला रेल से कटकर घायल हो गई. पुलिस ने उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा. जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है. पुलिस महिला द्वारा आत्महत्या की आशंका के चलते भी जांच कर रही है.**

जीआरपी थाना से मिली जानकारी के अनुसार बाणगंगा थाना क्षेत्र में रहने वाली 35 वर्षीय महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई. शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर एक के पास निकिता परमार पति मुकेश परमार निवासी कर्मा नगर बाणगंगा घायल अवस्था में मिली. सूचना पर पहुंची जीआरपी टीम ने उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस को घटनास्थल से मोबाइल मिला, जिसके आधार पर उसके परिजनों को सूचना दे दी है. निकिता के भाई ने कन्नोद से इंदौर स्थित परिजनों को जानकारी दी, जिसके बाद चाचा संतोष ने उसके पति मुकेश से संपर्क किया. परिजनों ने पुलिस को बताया कि निकिता की शादी को लगभग 13 वर्ष हो चुके थे. हाल ही में वह मायके से लौटी थी और उसे किसी प्रकार की बीमारी नहीं थी. पति व ससुर सिलाई का काम करते हैं. पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर मामला जांच में लिया है. मामले में थाना प्रभारी रश्मि पाटीदार ने बताया कि मृतका की मौत दुर्घटना है या आत्महत्या, इस संबंध में स्पष्ट तथ्य जांच के बाद सामने आएंगे.

**समस्या** — यदि कालोनियां अवैध थीं तो भवन निर्माण की अनुमति क्यों दी गई, जिम्मेदारों पर कार्रवाई होना चाहिए

# अतिक्रमण के नाम पर बेघर हो रहे गरीब और मध्यम वर्ग के लोग




**इंदौर.** शहर में पिछले कुछ वर्षों से अतिक्रमण हटाने की मुहिम तेजी से चल रही है. प्रशासन द्वारा सीलिंग की जमीनों पर बने मकानों और बस्तियों को हटाया जा रहा है, जिससे सैकड़ों गरीब परिवार प्रभावित हो रहे हैं. सवाल यह उठता है कि जब इन्हीं जमीनों पर कॉलोनाइजरों ने प्लॉटों का डिजाइन तैयार किया, कॉलोनियां विकसित हुईं और लोगों ने जीवन भर की जमा पूंजी लगाकर मकान बनाए, तब जिम्मेदार अधिकारी कहां थे?

जानकारों का कहना है कि बिना विभागीय मिलीभगत के न तो अवैध प्लॉटिंग संभव है और न ही बस्तियों का विस्तार. उस समय आंख मूंदकर अनुमति दी गई और अब वर्षों बाद कार्रवाई की जा रही है. इससे यह आशंका गहराती जा रही है कि कॉलोनाइजरों और जिम्मेदार अधिकारियों के बीच सांठगांठ का खेल हुआ है, जिसकी कीमत आज आम और गरीब जनता चुका रही है. अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में न तो पहले वैकल्पिक पुनर्वास की ठोस व्यवस्था की गई और न ही दोषी कॉलोनाइजरों पर सख्त कदम उठाए गए. प्रशासन की इस एक तरफा कार्रवाई से सवाल उठ रहे हैं कि क्या गलती सिर्फ गरीब लोगों की थी या फिर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय की जाएगी. शहर की जनता अब पारदर्शी जांच और न्याय की मांग कर रही है.

**यह बोले नागरिक...**



अधिकांश मध्यम और गरीब वर्ग के क्षेत्रों में अतिक्रमण मुहिम चलाई जाती है, जो उनके साथ छल है. मुहिम में उनके जीवन भर की पूंजी चली गई. ऐसे में दोषियों को कठोर सजा मिलना चाहिए.

**- सूरज माली**



वर्षों पहले जो कालोनियां काटी गई, वह नजरअंदाज की गई. वर्तमान स्थिति में भी शहर में सैकड़ों अवैध कॉलोनी कट रही हैं, फिर भी शासन प्रशासन क्यों आंख मूंदे है.

**-सैयद अशरफ**



जब मास्टर प्लॉन पहले से ही तैयार किया जा चुका था, तब ऐसी स्थिति में अधिकारियों की यह जिम्मेदारी थी कि ऐसे स्थानों पर विकास करने की अनुमति नहीं देना चाहिए थी. ऐसी अनुमति जारी करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए.

**- सिया राम**